GRAMME IMPLEMENTATION (SHRI H. R. BHARDWAJ): The average annual growth rate of Gross Domestic Product at factor cost at constant (1980-81) prices for the 7th Plan works out to 5.6 per cent. Information on the growth rate registered during 1990-91 and 1991-92 is not available.

उत्तर प्रदेश और बिहार की स्वीकृति के लिए लंबित पड़ी परियोजनाएं

1456. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) योजना आयोग के पास उसकी स्वीकृति के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार की लंबित पड़ी परियोजनाओं का ब्यौरा क्या ; और

(ख) इन योजनाओं को कब तक स्वीकृति दिए जाने की संभावना है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) योजना आयोग के यहां उत्तर प्रदेश और बिहार की कोई परियोजना स्वीकृति के लिए लंबित नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

राज्य सरकारों द्वारा बीस-सूत्री कार्यक्रम का कार्यान्वयन

1457. **श्री अजीत जोगी** : क्या **योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गैर-कांग्रेसी राज्य सरकारों द्वारा बीच-सूत्री कार्यक्रम को केंद्रीय सरकार के निदेशानुसार कार्यान्वित किया जा रहा है ;

(ख) क्या इस कार्यक्रम को कुछ राज्यों में कोई अन्य नाम और उपनाम देकर कार्यान्वित किया जा रहा है ; और

(ग) यदि हां, तो केंद्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) और (ख) 20-सूत्री कार्यक्रम और इसके विभिन्न घटक केन्द्र तथा राज्य सरकारों की योजनाओं का एक अभिन्न अंग हैं । सभी राज्य सरकारें अपनी वार्षिक और पंचवर्षीय योजनाओं को कार्यान्वित कर रही हैं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

Funds released to the Gorkha Hill Council

@1458. SHRI RATNA BAHADUR RAI: Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state what are the details of funds allocated sanctioned and released annually to Darjeeling Gorkha Hill Council by Central Government since its inception in 1988 till date?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI H. R. BHARDWAJ): Funds allocated and released annually to the Darjeeling Gorkha Hill Council as Special Central Assistance (S.C.A.) are as under:

(Rs. lakhs)

Year	S.C.A. Aocated	S.C.A. Relead
1989-90 . . .	1875.00	1875.00
1990-91 . . .	2100.00	2100.00
1991-92 . . .	1932.00	960.00*

* On account realse."

@Previously Unstarred Question 1045, Transferred from the 3rd December, 1991.